राष्ट्रीय खेल दिवस, 2022

राष्ट्रीय खेल दिवस को भारत में **प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त** को हॉकी के महान खिलाड़ी **मेजर ध्यानचंद** को श्रद्धांजलि अर्पित करने के रूप में आयोजित किया जाता है, जिनका जन्म **वर्ष 1905** में इसी तारीख को हुआ था।

प्रमुख बिंदु:

- **परिचय:**
  - इस दिन को पहली बार वर्ष 2012 में भारत के राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में नामित कर मनाया गया।
  - यह दिवस देश महान खिलाडियों को सम्मान स्वरुप याद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
  - देश के राष्ट्रपति इस अवसर पर **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार**, **अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार** और **ध्यानचंद पुरस्कार** जैसे खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं।
- **महत्त्व:**
  - राष्ट्रीय खेल दिवस का प्राथमिक उद्देश्य **खेल के महत्त्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना** और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहना है।
  - भारत सरकार राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु **विभिन्न कार्यक्रमों और सेमिनारों** आदि का आयोजन करती है।

मेजर ध्यानचंद:

- मेजर ध्यानचंद को **'हॉकी के जादूगर'** के रूप में जाना जाता है तथा इनका जन्म **29 अगस्त, 1905 को उत्तर प्रदेश के वर्तमान प्रयागराज** में हुआ था।
- इन्होंने **ओलंपिक खेलों** में सेंटर फॉरवर्ड खिलाड़ी की भूमिका में वर्ष 1928 में एम्स्टर्डम, 1932 में लॉस एंजिल्स और 1936 में बर्लिन में स्वर्ण पदक जीता।
- वह पहली भारतीय विदेशी सेना टीम के सदस्य थे जिसने वर्ष 1926 में न्यूज़ीलैंड का दौरा किया था।
- मेजर ध्यानचंद ने 1926 से 1948 तक अपने करियर में 400 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल किये और अपने पूरे करियर में लगभग 1,000 गोल किये।
- भारत सरकार ने वर्ष 2012 में ऐसे महान खिलाड़ी को श्रद्धांजलि देने के लिये उनके जन्मदिन को **राष्ट्रीय खेल दिवस** के रूप में मनाने का फैसला किया।
- इस मान्यता से पहले, उन्हें भारत सरकार द्वारा वर्ष 1956 में भारत के **तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म भूषण पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।
- उन्होंने 3 दिसंबर, 1979 को दिल्ली में कोमा में जाने के बाद अंतिम सांस ली।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्षों के प्रश्न (PYQs)

प्रश्न. वर्ष 2000 में स्थापित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुड्स इस पुरस्कार के पहले विजेता थे।
2. यह पुरस्कार अब तक ज़्यादातर 'फॉर्मूला वन' के खिलाड़ियों को ही मिला है।
3. रोजर फेडरर को यह पुरस्कार दूसरों की तुलना में सबसे अधिक बार मिला है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स प्रमुख वैश्विक खेल पुरस्कार हैं। पहली बार वर्ष 2000 में आयोजित वार्षिक आयोजन वर्ष की सबसे बड़ी और सबसे प्रेरणादायक खेल जीत का सम्मान करता है एवं लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड के काम को प्रदर्शित करता है।
- अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुड्स इस पुरस्कार के पहले विजेता थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह पुरस्कार अब तक ज़्यादातर पुरुष फुटबॉल टीम (6 बार) के खिलाड़ियों को मिला है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह पुरस्कार रोजर फेडरर ने सर्वाधिक (5 बार) प्राप्त किया है, इसके बाद उसैन बोल्ट (4 बार) और नोवाक जोकोविच (4 बार) का स्थान है **अत: कथन 3 सही है।**

प्रश्न. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस ओलंपिक का आधिकारिक आदर्श वाक्य 'एक नई दुनिया' है।
2. इस ओलंपिक में स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, कराटे और बेसबॉल खेलों को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (b)

व्याख्या:

- 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपियाड (टोक्यो 2020) खेल को 23 जुलाई से 8 अगस्त, 2021 तक आयोजित किया गया था। ओलंपिक खेल वर्ष 1948 से प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित किये जाते हैं। हालाँकि टोक्यो ओलंपिक खेल, 2020 के आयोजन को कोविड महामारी के कारण वर्ष 2021 तक के लिये स्थगित कर दिया गया था।
- ओलंपिक खेल, 2020 के लिये आधिकारिक आदर्श वाक्य "यूनाइटेड बाय इमोशन"(United by Emotion) है। इस आदर्श वाक्य ने विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाने के लिये खेल की क्षमता पर बल दिया और उन्हें इस तरह से जुड़ने एवं जश्न मनाने की अनुमति दी जो प्रचलित मतभेदों से परे हो। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- टोक्यो 2020 खेल में रग्बी, स्पोर्ट क्लाइंबिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, स्केटबोर्डिंग, हैंडबॉल, सर्फिंग, कराटे, बेसबॉल सहित कुल 46 ओलंपिक खेलों को शामिल किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-sports-day-2022